# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नैनवां जिला बून्दी (राज0)

**पीठासीन अधिकारी :– सीमा मीणा, आर.ए.एस. (प्रशिक्षु)**

प्रार्थना पत्र संख्याः–240/प्रा0पत्र/2023 (GCMS NO.2023/369) दायरा दिनांक :– 01.09.2023

1. ग्राम पंचायत रजलावता पंचायत समिति नैनवां जिला बून्दी द्वारा सरपंच ग्राम पंचायत रजलावता पंचायत समिति नैनवां जिला बून्दी (राज0)
2. ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत रजलावता पंचायत समिति नैनवां जिला बून्दी राज0

प्रार्थीगण

बनाम

1. राज0 सरकार द्वारा तहसीलदार साहब तहसील नैनवां, जिला–बून्दी।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र :– राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 131, 136 के तहत वास्ते इन्द्राज दुरस्ती।

वकील प्रार्थीः– श्री देवेन्द्र कुमार जैन
वकील अप्रार्थी :– पेरोकार सरकार

निर्णय दिनांक :– 24.01.2025

## निर्णय

प्रार्थना पत्र के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि ग्राम पंचायत रजलावता पटवार मण्डल रजलावता तहसील नैनवां जिला बून्दी राज0 में कृषि भूमि खसरा संख्या 369 रकबा 0.0728 हैक्टयर, खसरा संख्या 368/1403 रकबा 0.3236 हैक्टयर गै.मु. आबादी जो प्रार्थीगण के खातेदारी में दर्ज है, एवं खसरा संख्या 992 रकबा 0.2427 हैक्टयर गै.मु. रास्ता जो अप्रार्थी राज. सरकार के खातेदारी में दर्ज स्थित है। यह कि प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 1 में वर्णित उक्त भूमियों की तरमीम जो आन लाईन से पूर्व राजस्व विभाग द्वारा वर्षो दराज पूर्व से मौके की स्थिति के अनुरूप राजस्व नक्शे में दर्ज कर रखी थी। उक्त तरमीम को आन लाईन में अनाधिकृत रूप से गलत तरमीम कर दिया गया है जो तरमीम शुद्ध (दुरूस्त) किया जाना न्यायहित में आवश्यक है। यह कि आनलाईन तरमीम में खसरा संख्या 369 की तरमीम खसरा संख्या 992 के स्थान पर कर दी गयी है जबकि खसरा संख्या 369 की तरमीम खसरा संख्या 380, 381 के पूर्वी साइड में खसरा संख्या 368/1403 की पश्चिमी मेर में लगवा होना चाहिये थी, इसी प्रकार से खसरा संख्या 369 के स्थान पर खसरा संख्या 992 की तरमीम होनी चाहिये थी, खसरा संख्या 368/1403 तरमीम भी रकबे के अनुसार नही की गयी है, खसरा संख्या 368/1403 की तरमीम खसरा संख्या 992 की मेड तक होना चाहिये। उक्त प्रकार से तरमीम दुरूस्त किया जाना न्यायहि में आवश्यक है। उक्त खसरा संख्या गै.मु. रास्ते, आबादी भूमि की स्थितियां परिवर्तित हो गयी है। यह कि राजस्व नक्शे में आन लाईन में जो तरमीम शुद्ध होनी है उसे प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न नक्शे में लाल रंग से प्रदर्शित किया गया है। अतः निवेदन किया कि आनलाईन राजस्व नक्शे में खसरा संख्या 369 के स्थान पर खसरा संख्या 992 (गै.मु.रास्ता), खसरा संख्या 368/1403 आबादी भूमि की तरमीम खसरा संख्या 992 की उतरी मेड तक एवं खसरा संख्या 369 की तरमीम खसरा संख्या 380, 381 के पूर्वी साइड में खसरा संख्या 368/1403 के पश्चिम साइड की मेड में लगवा दर्ज कर तरमीम इन्द्राज दुरूस्त करने के आदेश प्रदान करने की कृपा करें।

अप्रार्थी पेरोकार सरकार तहसीलदार नैनवां द्वारा पत्रांक :– 362 दिनांक :– 22.01.2025 द्वारा जवाव प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम रजलावता पटवार मण्डल रजलावता की जमावंदी सम्वत् 2076–79 के खाता सं. 335 के खसरा संख्या 369 रकबा 0.0728 हैक्टयर किस्म चाही प्रथम की भूमि कमलेश, पप्पूलाल, महावीर, विनोद, शंकरलाल पुत्र खाना हिस्सा बरावर जाति धाकड सा. देह खातेदार राहिन कमलेश, विनोद का हिस्सा एक्सिस बैंक शाखा बून्दी व राहिन पप्पूलाल, महावीर, शंकरलाल का हिस्सा बैंक ऑफ बडौदा शाखा नैनवां दर्ज रिकार्ड है, ग्राम रजलावता के खाता संख्या 420 के खसरा संख्या 368/1403 रकबा 0.3236 हैक्टयर भूमि किस्म गै.मु. आवादी की भूमि ग्राम पंचायत रजलावता हिस्सा पूर्ण संस्था के लिए दर्ज रिकार्ड है। ग्राम रजलावता के खाता संख्या 1 की खसरा संख्या 992 रकबा 0.2427 हैक्टयर किस्म गै.मु. रास्ता सिवायचक खातेदार रिकार्ड है।

उपखण्ड अधिकारी नैनवां (बूंदी)

ग्राम रजलावता के लठ्ठा नक्शा में खसरा संख्या 992 दर्ज रिकार्ड है। जबकि आनलाईन नक्शा एवं सेग्रीगेशन के बाद की नक्शा शीट में खसरा संख्या 992 का कहीं पर भी अंकन नही है तथा खसरा संख्या 368/1403 की सेग्रीगेशन की शीट से रकबा बरारी करने पर रकबा लगभग 9 बिस्वा आता है। जबकि मुताबिक राजस्व रिकार्ड जमाबंदी के अनुसार खसरा संख्या 368/1403 का रकबा 0.3236 (2 बीघा) दर्ज रिकार्ड है। खसरा संख्या 368/1403 मुताबिक राजस्व नक्शा लठ्ठा में अस्पष्ट तरमीम लगभग 6 बिस्वा ही दर्ज है। खसरा संख्या 369 सेग्रीगेशन नक्शा शीट एवं नक्शा लठ्ठा में खसरा संख्या 380 के पूर्वी दिशा की डोटेड लाईन के पूर्व में दर्ज है जो सहवन से ऑनलाईन नक्शा में खसरा संख्या 992 के स्थान पर दर्ज हो गया है तथा खसरा संख्या 992 सम्पूर्ण ऑनलाईन नक्शे में हट गया है। मुताबिक नक्शा शीट एवं नक्शा लठ्ठे के अनुसार खसरा संख्या 369 व 992 को दर्ज करने का आदेश व खसरा संख्या 368/1403 को मुताबिक राजस्व रिकार्ड की जमाबंदी में दर्ज रकबा 0.3236 हैक्टयर रिपोर्ट आई एल आर व पटवारी रजलावता की प्राप्त रिपोर्ट अनुसार तरमीम शुद्ध की जाने की अभिशंषा के साथ रिपोर्ट सादर प्रेषित है।

हमने प्रार्थना पत्र, शपथ–पत्र, प्रस्तुत रिकार्ड दस्तावेज एवं रिपोर्ट तहसीलदार नैनवां आदि का अवलोकन किया। वकील प्रार्थी द्वारा बहस प्रार्थना पत्र में दिये गए तर्कों पर मनन किया। तहसीलदार नैनवां की रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गयी याचना के अनुसार मुताबिक नक्शा शीट एवं नक्शा लठ्ठे के अनुसार खसरा संख्या 369 व 992 को दर्ज करने का आदेश व खसरा संख्या 368/1403 को मुताबिक राजस्व रिकार्ड की जमाबंदी में दर्ज रकबा 0.3236 हैक्टयर की तरमीम शुद्ध करने का आदेश प्रदान किया जाना धारा 131 एल0आर0 एक्ट के तहत न्यायोचित प्रतीत होता है।

## –: क्रियात्मक आदेश :–

अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाकर ग्राम रजलावता पटवार मण्डल रजलावता तहसील नैनवां की भूमियों खसरा संख्या 369 रकबा 0.0728 हेक्टेयर, खसरा संख्या 992 रकबा 0.2427 हेक्टेयर, खसरा संख्या 368/1403 रकबा 0.3236 हेक्टेयर की तरमीम मुताबिक नक्शा शीट एवं नक्शा लट्ठा में दर्ज रकबे के अनुसार, प्रस्तावित नक्शा जिसे परिशिष्ट "क" नाम दिया गया है, के अनुसार शुद्ध किये जाने के आदेश दिये जाते है। निर्णय की पालना हेतु तहसीलदार नैनवां को तहरीर जारी की जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर बाद तकमील नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक :– 24.01.2025 को सरे इजलास खुलेआम सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी नैनवां (बून्दी)

(सीमा मीणा)
आर0ए0एस(प्रशिक्षु)
उपखण्ड अधिकारी
नैनवां

राजस्थान सरकार

NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

जिला : बूँदी

दिनांक : 21/01/2025 02:45:49 PM


तहसील : नैनवा

पटवारी हल्का : रजलावता

भू. अ. नि. क्षेत्र : रजलावता

ग्राम : रजलावता

परिशिष्ट - "क"




खसरा संख्या :369 क्षेत्रफल : 0.0728 Hectare खाता संख्या : 335पुराना खाता संख्या :312

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: चाही A [ 0.0728, 1.80 ]

1.) कमलेश पुत्र खाना हिस्सा- 1/5 जाति- धाकड़ सा. देह खातेदार हिस्सा-1/5 ( पूर्ण खाता ) एक्सिस बैंक शाखा BUNDI (RAJASTHAN)

2.) पप्पूलाल पुत्र खाना हिस्सा- 1/5 जाति- धाकड़ सा. देह खातेदार हिस्सा-1/5 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा NAINWA, DIST BUNDI

3.) महावीर पुत्र खाना हिस्सा- 1/5 जाति- धाकड़ सा. देह खातेदार हिस्सा-1/5 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा NAINWA, DIST BUNDI

4.) विनोद पुत्र खाना हिस्सा- 1/5 जाति- धाकड़ सा. देह खातेदार हिस्सा-1/5 ( पूर्ण खाता ) एक्सिस बैंक शाखा BUNDI (RAJASTHAN)

5.) शंकरलाल पुत्र खाना हिस्सा- 1/5 जाति- धाकड़ सा. देह खातेदार हिस्सा-1/5 ( पूर्ण खाता ) बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा NAINWA, DIST BUNDI

पटवारी-रजलावता

उपखण्ड अधिकारी नैनवां (बून्दी)

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।

२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।

३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें।